भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2321
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

तेलंगाना में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण

2321. श्री इटेला राजेंदर:
श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या तेलंगाना सरकार ने खेलो इंडिया योजना के तहत करीमनगर जिले में सतवाहन विश्वविद्यालय में 16.00 करोड़ रुपये की लागत से एक बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण के लिए सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही इस पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई क्या है और यदि कोई देरी हुई है तो उसके क्या कारण हैं तथा उक्त परियोजना की स्वीकृति और पूर्णता के लिए निर्धारित संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण सिंथेटिक-एथलेटिक ट्रैक जैसी खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन सहित खेलों के विकास का मुख्य उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सरकार से करीमनगर जिले के सतवाहन विश्वविद्यालय में एक बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत नए प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जा रहा है क्योंकि, 2021-26 की अवधि के लिए यह स्कीम समाप्त हो चुकी है।

****